Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide Stoppage of Ranchi New Delhi Rajdhani Express Train at Nagar Unntari (Shri Banshidhar Nagar) Railway Station in Garhwa district, Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण बिषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिले के नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन होकर रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या -12453/12454 सप्ताह में एक दिन रविवार को रॉची से एवं शनिवार को नई दिल्ली से चलती है। उक्त ट्रेन रांची से खुलने पर डालटनगंज, गढ़वा रोड़, रेणुकुट, चोपन, प्रयागराज, कानपुर होते हुए नई दिल्ली पहुंचती है। विदित है कि गढ़वा रोड़ स्टेशन एवं नगर उंटारी स्टेशन के बीच 48 किलोमीटर की दूरी है परंतु उक्त ट्रेन का नगर उंटारी स्टेशन पर ठहराव नहीं होने से यात्रियों को आवागमन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। नगर उंटारी स्थित श्री बंशीधर मंदिर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए झारखण्ड सरकार एवं गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मेरे अनुरोध पर उक्त स्थान का नाम जो पहले नगर उंटारी था उसे बदल कर श्री बंशीधर नगर किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर जोन के धनबाद मंडल में पड़ने वाले गढ़वा जिला अंतर्गत गढ़वा रोड़-नगर उंटारी-चोपन रेल खंड पर स्थित श्री बंशीधर नगर को झारखंड राज्य का प्रमुख तीर्थ स्थल श्री बंशीधर धाम कहा जाता है। यहॉ पर श्री राधा-कृष्ण जी की 32 मन की विशुद्ध स्वर्ण प्रतिमा स्थापित है। ऐसी प्रतिमा अन्य स्थानों पर कहीं नही होने के कारण यहॉ पर प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से मॉग करता हूँ कि श्री बंशीधर धाम की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए नगर उंटारी रेलवे स्टेशन

(श्रीबंशीधर नगर) पर रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या -12453/12454 का ठहराव देने की कृपा करेंगे।